प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 31.08.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन के 26वें शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।
- प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर प्रमुख राजनीतिक दलों में देर रात तक मंथन जारी रहा–आज नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन।
- कजरी तीज का पर्व आज परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है–भाद्र माह की चतुर्थी भी आज।
- प्रदेश में तीन सितंबर से उत्तर–पूर्वी और पूर्वी भागों में बारिश का नया दौर शुरू होने की संभावना।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन–एससीओ के 26वें शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वे सम्मेलन को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री दो दिन की किर्गिस्तान यात्रा पर बिश्केक पहुंच चुके है। हवाई अड्डे पर किर्गिस्तान के मंत्रिमंडल के अध्यक्ष आदिलबेक कासिमलियेव ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक किर्गिज नृत्य की प्रस्तुति भी हुई। श्री मोदी सम्मेलन से इतर एससीओ देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और कई अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उन्होंने कहा है कि भारत सुरक्षा, संपर्क और अवसर पर आधारित क्षेत्रीय दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए एससीओ देशों के साथ मिलकर काम करेगा। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से मुक्त क्षेत्र के लिए सामूहिक प्रयास पर भी जोर दिया है। सम्मेलन का विषय 'एससीओ के 25 वर्ष सतत शांति, विकास और समृद्धि की ओर एक साथ' है। सम्मेलन में क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद विरोधी अभियान और सीमा पार खतरों से निपटने पर चर्चा होगी।

00000

प्रदेश में 309 नगरीय निकायों के चुनाव के लिए नामांकन का आखिरी दिन होने के चलते आज नामांकन स्थलों पर काफी गहमा गहमी रहने की संभावना है। नामांकन दोपहर तीन बजे तक दाखिल किये जा सकेंगे। अब तक प्रदेशभर के 10 हजार 245 वार्डों के लिए 13 हजार से अधिक नामांकन दाखिल किए जा चुके हैं। नामांकन पत्रों की जांच एक सितंबर को होगी, जबकि उम्मीदवार तीन सितंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद चुनाव मैदान की स्थिति स्पष्ट होगी और चार सितंबर को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इससे पहले कल प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों में प्रत्याशियों के चयन को लेकर मंथन देर रात तक जारी रहा। गौरतलब है कि इन नगरीय निकायों के लिए दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में नौ सितंबर और दूसरे चरण में 11 सितंबर को वोट डाले जाएंगे। मतगणना 14 सितंबर को होगी, जबकि नगर निकायों के अध्यक्ष का चुनाव 21 सितंबर को कराया जाएगा।

00000

प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव के दौरान अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता के तहत शराब बनाने, इसके भण्डारण, परिवहन और इसकी बिक्री पर जिलों में दबिश दी जा रही है। सरहदी क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। आबकारी निरोधक टीमों द्वारा श्रीगंगानगर जिले में 600 लीटर वॉश सहित शराब भट्टियों को नष्ट किया गया। कार्रवाई में 30 लीटर अवैध हथकड़ शराब भी बरामद की गई।

00000

हनुमानगढ़ जिले में पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 112 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान 48 पुलिस टीमों में शामिल 219 पुलिसकर्मियों ने 302 स्थानों पर एक साथ दबिश दी।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 16 ग्राम चिट्टा, करीब 17 किलोग्राम डोडा पोस्त, 334 पव्वे अवैध शराब और दो धारदार कापे बरामद किए। अभियान में जघन्य मामलों में वांछित पांच आरोपी, एक हिस्ट्रीशीटर और आठ स्थायी वारंटी भी गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने बताया कि अपराधियों और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

00000

राज्य में इन्फ्लुएंजा–ए एच–1 एन–1 यानी स्वाइन फ्लू के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। पिछले 27 दिनों में प्रदेश में 55 मामले सामने आए हैं। विभाग ने आमजन से फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने पर सावधानी बरतने और संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक एहतियात अपनाने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को जुकाम, बुखार या फ्लू के लक्षण होने पर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचने की सलाह दी है। सवाई मानसिंह अस्पताल **में** मौसमी बीमारियों के नोडल अधिकारी डॉ. सुनील महावर ने बताया कि प्रदेश में स्थिति सामान्य है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने एहतियात के तौर पर मास्क का उपयोग करने और फ्लू जैसे लक्षण होने पर चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी है।

00000

राज्य में कजरी तीज पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। आज ही भाद्र माह की चतुर्थी भी मनाई जा रही है। महिलाएं हाथों में मेहंदी रचाने और सोलह श्रृंगार के साथ निर्जल व्रत रख रही हैं। इस अवसर पर पाली जिले में महिलाएं पारंपरिक तीज गीत गाते हुए झूले झूलकर पर्व की खुशियां मना रही हैं। शाम को महिलाएं सखियों के साथ मिट्टी और गोबर से तलाई बनाकर निम्बड़ी की पूजा करेंगी। इसके बाद चांद के दर्शन और पूजन कर पति की लंबी आयु की कामना करेंगी। महिलाएं आक के पत्तों की पतल पर सत्तू और फल रखकर व्रत खोलेंगी। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि नवविवाहिताओं में पहली तीज को लेकर विशेष उत्साह है। परिवारों की ओर से सत्तू, कपड़े, पकवान और मिठाइयां भेजी जा रही हैं। पर्व को लेकर बाजारों में भी देर रात तक खरीदारी का दौर चला।

00000

प्रदेश में तीन सितंबर से उत्तर–पूर्वी और पूर्वी भागों में बारिश का नया दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार तीन से सात सितंबर के दौरान भरतपुर, कोटा, जयपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। फिलहाल बारिश का दौर थमने से प्रदेश में उमस और गर्मी का असर बना हुआ है। हालांकि, अधिकांश शहरों के तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। कल श्रीगंगानगर 40 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा।

00000

जोधपुर से हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को कल से नई उड़ान की सुविधा मिलेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस मुंबई–जोधपुर–दिल्ली के बीच यह नई उड़ान शुरू करेगी। उड़ान सुबह 11 बजकर पांच मिनट पर मुंबई से रवाना होकर दोपहर 12 बजकर 55 मिनट पर जोधपुर पहुंचेगी और यहां से दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली के लिए रवाना होगी। वापसी में उड़ान दिल्ली से दोपहर तीन बजकर 45 मिनट पर रवाना होकर जोधपुर होते हुए शाम सात बजकर 20 मिनट पर मुंबई पहुंचेगी। नई उड़ान से यात्रियों को दिल्ली और मुंबई के बीच आवागमन का एक और विकल्प मिलेगा। फिलहाल जोधपुर से दिल्ली, मुंबई सहित सात शहरों के लिए दस उड़ानों का संचालन हो रहा है। सर्दियों के मौसम में जोधपुर से अन्य शहरों के लिए भी नई उड़ानें शुरू होने की उम्मीद है।

00000